1786 (E)
01/3/19

पथ निर्माण विभाग

दिनांक 01/03/19 को सम्पन्न विभागीय निविदा समिति की बैठक की कार्यवाही।

पथ प्रमण्डल, अररिया के अन्तर्गत Long Term Output and Performance Based Road Assets Maintenance work for the roads under Package No.- 18B/OPRMC-2/Araria के पुनर्निविदा की तकनीकी बीड में प्राप्त परिवाद, जिस पर तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की अनुशंसा प्राप्त है, पर अनुमोदन हेतु विभागीय निविदा समिति की बैठक की कार्यवाही।

उपस्थिति:

(i) श्री अमृत लाल मीणा, प्रधान सचिव, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।
(ii) श्री लक्ष्मी नारायण दास, अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।
(iii) श्री रजनीश कुमार, उप सचिव–सह–आन्तरिक वित्तीय सलाहकार, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।
(iv) श्री राजकुमार लाल, मुख्य अभियंता, सीमांचल उपभाग, पथ निर्माण विभाग, पटना।

2. विषयांकित कार्य के निविदा से संबंधित मुख्य विवरणी निम्नवत् है :–

2.1	कार्य का नाम	:	Long Term Output and Performance Based Road Assets Maintenance work for the roads under Package No.- 18B/OPRMC-2/Araria
2.2	निविदा आमंत्रित करने वाले प्रमंडल का नाम	:	पथ प्रमण्डल, अररिया।
2.3	प्रशासनिक अनुमोदन की राशि एवं प्रसंग	:	₹11892.88301 लाख। विभागीय पत्रांक–8772(एस0), दिनांक 22.11.2018
2.4	तकनीकी स्वीकृति की राशि एवं प्रसंग	:	₹12471.37962 लाख। मुख्य अभियंता(या0), उ0बि0उ0,प0नि0वि0,पटना का पत्रांक–3641(अनु0) दिनांक 10.11.2018
2.5	परिमाण विपत्र की राशि	:	₹12034.053 लाख।
2.6	कार्य समाप्ति की अवधि	:	84 (Eighty-four) Months.
2.7	निविदा की प्रक्रिया	:	ई–टेंडरिंग MBD
2.8	निविदा प्राप्ति की तिथि	:	07.02.2019

3. विषयांकित निविदा में निम्नलिखित चार संवेदक द्वारा भाग लिया गया :–

(1) M/s Simanchal Construction (2) Kamac Engineers Pvt. Ltd.
(3) Topline Infra Projects Pvt. Ltd. (4) M/s Rakesh Ranjan

1.3.19

4. विभागीय ज्ञापांक–1477(E) दिनांक–20.02.2019 द्वारा संसूचित विभागीय निविदा समिति के निर्णय के विरूद्ध M/s Simanchal Construction के पत्रांक–शून्य, दिनांक–21.02.2019 द्वारा परिवाद दिया गया है।

5 विषयांकित कार्य के तकनीकी बीड में प्राप्त परिवाद के आलोक में मुख्य अभियंता, सीमांचल उपभाग, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक–42(अनु0) दिनांक–25.02.2019 द्वारा प्रतिवेदन दिया गया है, जो निम्नवत् है :–

5.1 विभागीय ज्ञापांक–1477(E) दिनांक–20.02.2019 द्वारा संसूचित दिनांक–20.02.2019 को सम्पन्न विभागीय निविदा समिति द्वारा निविदा के चार निविदाकारों में से दो निविदाकार यथा (i) Kamac Engineers Pvt. Ltd. एवं (ii) Topline Infra Projects Pvt. Ltd. को तकनीकी बीड में सफल एवं एक निविदाकार M/s Rakesh Ranjan को MBD Section III Cl. 2.4.1 & 2.4.2 (a), MBD Section III Cl. 2.6 एवं MBD Section III Cl. 2.4.2 (b) के तहत् तकनीकी बीड में असफल घोषित किया गया है। तथा शेष एक निविदाकार M/s Simanchal Construction को विभागीय ज्ञापांक–1396(E) दिनांक–15.02.2019 द्वारा एक वर्ष के लिए निलंबित रहने के कारण उनके निविदा पर विचार नहीं किया गया है। साथ ही दिनांक–23.02.2019 के अपराह्न 4:00 बजे तक निविदा से संबंधित किसी प्रकार की आपत्ति प्राप्त होने पर विभागीय निविदा समिति के समक्ष अनुशंसा प्रस्तुत करने हेतु निदेश दी गयी।

5.2 विभागीय निविदा समिति के उक्त निर्णय के विरूद्ध निविदाकार M/s Simanchal Construction के पत्रांक–शून्य, दिनांक–21.02.2019 द्वारा परिवाद दिया गया है।

6. **समीक्षा** :–

6.1 दिनांक–23.02.2019 को तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा उक्त परिवाद की समीक्षा की गयी। समीक्षा के क्रम में पाया गया कि परिवाद पत्र में जिन दो कार्यों यथा (i) सिंचाई प्रमण्डल, अररिया अन्तर्गत वर्ष 2017 मे अप्रत्याशित वर्षा/बाढ़ के कारण प्रमण्डलान्तर्गत क्षतिग्रस्त पूर्वी कोशी नहर प्रणाली के नहरों का जिर्णोद्धार एवं चाहरदिवारी तथा भवन का मरम्मति कार्य (अल्पकालीन पुनर्निविदा सूचना संख्या–04/2017–18) का कार्य संबंधित विभाग द्वारा आवंटित है, जिसका कार्य निष्पादन 40 प्रतिशत ही हुआ है एवं (iii) राष्ट्रीय राजमार्ग एवं अवसंरचना विकास निगम लिमिटेड के पत्रांक–NHIDCL/Civil Work/ALT/Bagraot-Kafer/PKG-IVD/2017/396 dated 26-03-2018 के तहत् M/s S & P-Kamac (JV) 907, New Delhi House, 27, Barakhamba Road, Connaught Place, New Delhi-110001 को कार्य आवंटित है, जिसमें साझा अनुपात 49 प्रतिशत Kamac Engineers Private Ltd., Siliguri का है एवं एकरारनामा की राशि 1,79,78,000.00 रूपया है, के बारे में उल्लेख किया गया है कि निविदाकार Kamac Engineers Pvt. Ltd. के द्वारा Existing Commitments and on going works में अंकित नहीं किया गया है यानि छुपाया गया है। निविदाकार द्वारा निविदा कागजात के साथ संलग्न Existing Commitments and on going works में उक्त दोनों कार्य क्रमशः क्रमाक 12 एवं 13 पर अंकित है। इस संबंध में निविदाकार Kamac Engineers Pvt. Ltd. के पत्रांक–शून्य, दिनांक–22.02.2019 द्वारा भी आवेदन दिया गया है।

7. **निष्कर्ष** :– समिति द्वारा सम्यक विचारोपरान्त M/s Simanchal Construction के परिवाद को अमान्य करने हेतु अनुशंसा की जाती है।

8. विभागीय निविदा समिति का निर्णयः

8.1 मुख्य अभियंता, सीमांचल उपभाग, पथ निर्माण विभाग, पटना के पत्र संख्या–42(अनु0) दिनांक–25.02.2019 द्वारा निविदा की तकनीकी बीड में प्राप्त परिवाद के आलोक में तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की अनुशंसा पर विभागीय निविदा समिति द्वारा सम्यक विचारोपरान्त **M/s Simanchal Construction** के आवेदन/परिवाद को अमान्य करते हुए मुख्य अभियंता, सीमांचल उपभाग, पथ निर्माण विभाग, पटना को विभागीय ज्ञापांक–1477(ई0) दिनांक–20.02.2019 द्वारा संसूचित निर्णय के क्रम में विषयांकित कार्य के निविदा के वित्तीय बीड खोलकर शीघ्र विभागीय निविदा समिति के अनुमोदनार्थ उपस्थापित करने का निदेश दिया गया।

8.2 विभागीय निविदा समिति की इस कार्यवाही को **e-proc website** पर निर्णय प्रदर्शित करने के अलावे विभागीय वेबसाईट पर भी डाली जाय।

01.3.19	01/03/19	1/3/19	1.3.19
(राजकुमार लाल) मुख्य अभियंता, सीमाचंल उपभाग, पथ निर्माण विभाग, पटना।	(रजनीश कुमार) उप सचिव–सह– आन्तरिक वित्तीय सलाहकार, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।	(लक्ष्मी नारायण दास) अभियंता प्रमुख–सह अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।	(अमृत लाल मीणा) प्रधान सचिव, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना

ज्ञापांकः प्र0–7/निविदा–03–29/2019 1786(ई) पटना, दिनांक 01/3/19

प्रतिलिपि मुख्य अभियंता, सीमांचल उपभाग, पथ निर्माण विभाग, पटना/मुख्य अभियंता(अनुश्रवण), पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित/आई0टी0 मैनेजर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

1/3/19

(लक्ष्मी नारायण दास)
अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव,
पथ निर्माण विभाग, बिहार पटना।